**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक 27.04.2026 को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मथुरा तथा अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

उपरोक्त विषयक दिनांक 27.04.2026 को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मथुरा एवं अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) की संयुक्त अध्यक्षता में जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
2. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
3. श्री अशोक शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पैकेज-2, एनसीसी-एपको जेवी, मथुरा।
4. श्री नीतिश झा, क्वालिटी इंचार्ज, एनसीसी-एपको जेवी, मथुरा।
5. श्री राहुल कुमार, डी०पी०एम०, टी०पी०आई (Fichtner), आगरा क्लस्टर, आगरा।
6. श्री जे०पी० शुक्ला, प्रतिनिधि, बजरंग सेवा समिति, आई०एस०ए०, चित्रकूट।
7. श्री मोहित सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, जी०ए० इन्फ्रा प्रा०लि०, राजस्थान।
8. श्री मोहित सिंह, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, मेधज टेक्नो प्रा०लि०।

**बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए–**

1. पालरा झाल स्थित अपर गंगा कैनाल से बेरा स्थित जलशोधन संयंत्र तक बिछाई जा रही एम०एस० पाइपलाइन की प्रगति में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। यदि किसानों द्वारा अस्थायी भू-अर्जन संबंधी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित जनपद के अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।
2. आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व समस्त सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी ग्राम में कोई गड्ढा अथवा पिट खुला न रहे, जिससे दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके।
3. सोर्स सस्टेनेबिलिटी प्लान पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
4. आई०एस०ए० के द्वितीय चरण के भुगतान के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। निर्देशित किया गया कि जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के संबंध में ग्रामीणों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पंचायतों से सत्यापन उपरांत संबंधित पत्रावली को जे०ई० एवं डी०पी०एम०यू० टीम से सत्यापित कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाए।

5. वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व अधिकतम पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यस्थलों पर टीमों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

6. जिन स्थलों पर ओवरहेड टैंक हेतु फाउंडेशन की खुदाई पूर्ण हो चुकी है, वहाँ राफ्ट डालकर संरचना को ग्राउंड लेवल से ऊपर तक लाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए।

7. एम०एस० पाइपलाइन बिछाने के दौरान की जाने वाली गहरी ट्रेंचिंग स्थलों पर समुचित बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने तथा सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

अनुमोदित

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
विभाग, मथुरा

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

**पत्रांक** 434 **/ जल जीवन मिशन/** 109 **दिनांक** 15-5-2026

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0-एपको (जे0वी0) (पैकेज-। एवं ।।), मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु पे्रषित।
6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्ना, प्रा0लि0) मथुरा।

**ह0**